Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 08 नवंबर, 2022

ब्रॉडकास्ट एयर-टाइम शेड्यूलर (बैट्स)

प्रसार भारती के **वाणिज्यिक परिचालनों एवं कामकाज़ को सुव्यवस्थित और स्वचालित** करने के लिये **7 नवंबर, 2022** को प्रसार भारती सचिवालय में **यातायात एवं बिलिंग ऐप्लिकेशन सॉफ्टवेयर 'ब्रॉडकास्ट एयर-टाइम शेड्यूलर- बैट्स (BATS)'** लॉन्च किया गया। मोटे तौर पर **BATS** का उद्देश्य **समस्त परिचालनों में पारदर्शिता लाना और वाणिज्यिक परिचालनों को अत्यंत कुशल बनाना** है। विभिन्न चरणों में बुकिंग, बिलिंग एवं भुगतान प्राप्तियों आदि की निगरानी के साथ-साथ यह प्रणाली विभिन्न रिपोर्ट प्रदान करेगी जो प्रबंधन निर्णय लेने के लिये अत्यंत आवश्यक हैं। यह एप मोबाइल पर भी उपलब्ध है। यह सॉफ्टवेयर दरअसल मेन्यू आधारित है जिसे **आकाशवाणी** की आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित किया गया है जिससे यह अधिक सुविधाजनक एवं उपयोगी हो गया है। **बैट्स को मेसर्स मीडिया न्यूक्लियस द्वारा विकसित किया गया है** तथा इसकी **विशेषताओं में शामिल हैं- एक केंद्रीय डेटाबेस के माध्यम से विभिन्न केंद्रों पर समस्त विज्ञापन ऑर्डर की शेड्यूलिंग और बिलिंग का प्रबंधन करना, रिलीज़ ऑर्डर प्रविष्टि से लेकर एकल या बहु-इनवॉयस बिलिंग तक अनुबंधों को निर्बाध रूप से संचालित करना, खाता पदानुक्रम, विभिन्न पैकेज एवं उत्पादों, मूल्य निर्धारण योजनाओं, कंटेंट अधिकार प्रबंधन, स्वचालित विज्ञापन बुकिंग के साथ-साथ थोक सौदों, शुल्कों तथा बिलिंग चक्र इनवॉयसिंग पर दी जाने वाली छूट का प्रभावकारी प्रबंधन करके सटीक बिलिंग सुनिश्चित करना** आदि।

G20 संगठन के विषय, प्रतीक चिन्ह और वेबसाइट का अनावरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भारत द्वारा की जाने वाली **G20 की अध्यक्षता से संबंधित लोगो, थीम और वेबसाइट का अनावरण** करेंगे। इसका उद्देश्य विश्व को भारत के संदेश एवं प्राथमिकताओं से अवगत कराना है। भारत **दिसंबर 2022 से** **G20 की अध्यक्षता ग्रहण** करेगा। इससे भारत को अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व के ज्वलंत मुद्दों पर वैश्विक कार्यसूची में योगदान करने का अवसर मिलेगा। G20 अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिये प्रमुख मंच है। इसके **सदस्य देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में करीब 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार में 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की आबादी में करीब दो-तिहाई योगदान करते हैं।** अगले वर्ष G20 शिखर सम्मेलन, भारत की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-08-november,-2022